प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

Refresher Course
on
"Newly Enacted Major Criminal Acts" (BNS, BNSS & BSA)
Rank - Inspector & above
Date 18-5-2026 to 21-05-2026

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में दिनांक **18-05-2026** से **21-5-2026** तक **Refresher Course on "Newly Enacted Major Criminal Acts" (BNS, BNSS & BSA)** विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 01 अति. पुलिस अधीक्षक, 01 पुलिस उप अधीक्षक व 27 पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हुये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दिनांक **18-5-2026** को मन् कोर्स डायरेक्टर सत्यवीर सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। कोर्स के उद्घाटन सत्र में श्रीमान् संजीव कुमार नार्जरी आईपीएस, निदेशक महोदय, आरपीए जयपुर, श्री शंकर दत्त शर्मा, अति0 निदेशक महोदय, श्री राजेश कुमार यादव, उप निदेशक एवं प्राचार्य, श्री धनपत राज, सहायक निदेशक (प्रशासन) राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि द्वारा कोर्स की प्रासंगिकता व महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा कोर्स में सम्मिलित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की। तत्पश्चात प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया। बाद प्री एग्जाम लिया जाकर प्रशिक्षण आगे बढाया गया। टी ब्रेक के बाद प्रथम सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक द्वारा नए आपराधिक कानून **2023** का संक्षिप्त विवरण पर विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक द्वारा नया आपराधिक कानून (एसओपी/आदेश/परिपत्र/अधिसूचना)राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध है संबंधी व्याख्यान दिया।

दिनांक 19-05-2026 के प्रथम सत्र में श्री मेघराज यादव, प्रोग्रामर, एससीआरबी, जयपुर द्वारा ई-साक्ष्य की बेसिक बातें कानूनी कार्रवाई के लिए डिजिटल सबूत इकट्ठा करना, उनका मैनेजमेंट और उन्हें सुरक्षित रखना संबंधी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्री रमेश चौधरी ADP, RPA द्वारा BNSS और CrPC के बीच चैप्टर वाइज स्टडी की तुलना। (चैप्टर 1 से 19) नया क्रिमिनल लॉ (SOP/ऑर्डर/सर्कुलर/नोटिफिकेशन) संबंधी व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री श्रीराम यादव, एसिस्टेंट डायरेक्टर, (दस्तावेज), एफएसएल, जयपुर द्वारा फोरेंसिक दस्तावेज़ परीक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की।

दिनांक 20-05-2026 के प्रथम सत्र में श्रीमती राशि डोगरा डुडी, पुलिस उप महानिरीक्षक, सी0आई0डी0(सी0बी0), जयपुर द्वारा महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों की जांच से संबंधित कानूनी प्रावधानों में नवीनतम संशोधन संबंधी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्री विकास शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक, पुलिस मुख्यालय, जयपुर द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 जिसमें व्यवहार में उपयोग किए जा रहे बीएनएस पर विशेष जोर दिया गया है, आईपीसी के पूर्व उपयोगों का अवलोकन करते हुए, उन मामलों को भी शामिल किया गया है जहां बीएनएस पहली बार लागू हुआ है, जबकि अतीत में ऐसा अस्तित्व नहीं था। धारा 48, 69, 95, 103(2), 111, 112, 113, 152, 226, 304 संबंधी व्याख्यान दिया।

दिनांक **21-05-2026** के प्रथम सत्र में श्री नवीन तिवारी, एडवोकेट द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 का परिचय और एक सिंहावलोकन, परिवर्तन, जोड़ना, हटाना विस्तृत अध्ययन संबंधी व्याख्यान दिया। इसके बाद सवाल-जवाब का सेशन संचालित किया गया। द्वितीय सत्र में डॉ0 राजेश कुमार, डिप्टी डायरेक्टर, एफएसएल, जयपुर द्वारा डीएनए प्रोफाइलिंगए व्यवहार संबंधी फोरेंसिक जांच, पोर्ट्रेट जांच, बाल, रेशे, वीर्य, रक्त, मिट्टी एवं कांच आदि संबंधी जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की।

तत्पश्चात तय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा ली गई। सभी प्रतिभागी इसमें सम्मिलित हुए। कोर्स के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान् संजीव कुमार नार्जरी आईपीएस, निदेशक महोदय, श्री शंकर दत्त शर्मा, अति0 निदेशक महोदय, श्री राजेश कुमार यादव, उप निदेशक एवं प्राचार्य, श्री धनपत राज, सहायक निदेशक (प्रशासन) राजस्थान

पुलिस अकादमी, जयपुर सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण संबंधी फीड बैक लिया। कोर्स में सम्मिलित प्रतिभागियों से कोर्स के संबंध में फीडबैक लिया तो प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि कोर्स की अवधि बढाई जावे। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीमान् संजीव कुमार नार्जरी आईपीएस, निदेशक महोदय, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। समापन सत्र के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा मुख्य अतिथि महोदय, सभी प्रतिभागियों व स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

(सत्यवीर सिंह)
पुलिस निरीक्षक एंव कोर्स निदेशक
राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर